दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 22 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 183 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

























## 14 हजार फीट की ऊंचाई से लेकर समुद्र के छोर तक, योगमय हुआ पूरा देश

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे भारत और दुनिया भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस बार एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ दुनिया भर में योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में तीन लाख लोगों के साथ योग करेंगे। योग फिटनेस से कहीं ज्यादा है, योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह आत्म-जागरूकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास की यात्रा है। दुनियाभर में लोग योग कर रहे हैं। लोग विशाखापत्तनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए समुद्र तट पर एकत्र हुए, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू कर रहे हैं।

विशाखापट्टनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश और दुनिया के सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं। आज 11वीं बार पूरा विश्व एक साथ 21 जून को योग कर रहा है। योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना। ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है।

भाजपा नेता हेमा मालिनी ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि मैं योग करके दूसरों को प्रेरणा देने की कोशिश कर रही हूं। योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है...मैं हमेशा योग करती हूं। योग दिवस न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर मनाया जा रहा है। इस दौरान अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि मैं 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थान टाइम्स स्क्वायर पर आकर बेहद खुश हूं... मेरे दादाजी योग शिक्षक थे। इसलिए मैंने अपने पूरे जीवन में योग देखा है। मैं योग का अभ्यास करता हूं, और मैं हर जगह योग का माहौल देख सकता हूं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण संदेश है। मुझे यहां आमंत्रित करने के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं... उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ योगाभ्यास करते हुए नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपकी इच्छाएं तभी पूरी होती हैं जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं। योग के माध्यम से आप आध्यात्मिकता के उच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं। यह हमारे ऋषियों की परंपरा है जिसे हमारे वेदों, पुराणों और अन्य ग्रंथों ने जीवित रखा है। योग गुरु स्वामी रामदेव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने पैंगोंग त्सो के तट पर 14,100-14,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित बीओपी धन

शेष, पृष्ठ 2

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लाजपत नगर मंडल के लोहिया पार्क एवं शालीमार गार्डन मंडल के चंद्रशेखर पार्क में योगाभ्यास कर अद्भुत ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से योग को वैश्विक मंच पर पहचान मिली है और आज पूरा विश्व भारत की इस अद्भुत परंपरा को अपना रहा है।

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, तन, मन और आत्मा का संतुलन हैं।

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने पुलिसकर्मियों संग किया योग






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रिजर्व पुलिस लाइन से लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों और जेटीसी प्रशिक्षण के लिए आए रिक्रूट आरक्षियों के लिए योग कार्यक्रम कराया गया। इस वर्ष की थीम योग का वन अर्थ वन हेल्थ रहा। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने ताड़आसन, वृक्षासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन और प्राणायाम व कई योग किए गए। इस दौरान पुलिसकर्मियों को फिट रहेंगे, तो हिट रहेंगे का संदेश भी दिया गया। योग कार्यक्रम के दौरान एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी लाइन लिपि नगायच सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। वहीं 41वीं वाहिनी में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने रिक्रूट के साथ योग अभ्यास किया।

## जिला प्रशासन और नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




### भव्य कार्यक्रम में लगभग 1500 नागरिकों ने किया प्रतिभाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर गाजियाबाद में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें शहर निवासियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया, गाजियाबाद नगर निगम के अधिकांश पार्कों में योग का भरपूर लाभ निवासियों द्वारा लिया गया।

इसी क्रम में जिला प्रशासन गाजियाबाद तथा नगर निगम के तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस डासना में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे, जिनके द्वारा कार्यक्रम के अंत में शहरवासियों को योग अपनाएं पौधा भी लगाएं का संदेश दिया गया, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग किया गया।

### योग दिवस पर सिविल डिफेंस गाजियाबाद का रहा विशेष सहयोग : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीना द्वारा बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर मे निवासियों द्वारा उत्साह पूर्वक योग दिवस मनाया गया। इसी क्रम में आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस डसना में भी भव्य योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपमुख्यमंत्री सहित समस्त विधायकों ने भी प्रतिभाग किया, सांसद अतुल गर्ग भी उपस्थित हुए जिनके द्वारा 1500 शहर निवासियों के साथ एक ही समय पर योग किया गया।

### जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने एक ही मंच पर योगाभ्यास

करंट क्राइम। जिला प्रशासन तथा गाजियाबाद नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने एक ही मंच पर योगाभ्यास किया तथा शहर वासियों से योग अपने के लिए अपील की गई, गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा बताया गया कि शहर के अधिकांश पार्कों में योग के कार्यक्रम आयोजित हुए हैं जिसमें माननीय पार्षदों सहित निगम अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है कार्यक्रम में अतुल वत्स गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वी सी भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में सिविल डिफेंस से अनिल अग्रवाल तथा राकेश छारिया मैनेजिंग ट्रस्टी आईएमएस द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों शहर निवासियों का धन्यवाद किया गया।

## खोड़ा नगरपालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा सहित अधिकारियों ने किया योग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर द्वारा 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से सेंट एंथनी स्कूल वार्ड 20 के धर्म विहार में मनाया गया। जिसका मंच संचालन राकेश यादव योग पीठ पतंजलि द्वारा किया गया।

मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा व अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार पार्षद गण समाजसेवी बुद्धिजीवी और विभिन्न समाजसेवी और राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने योग को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक शुद्धि का साधन बताया। उन्होंने कहा कि यह योग दिवस का 11वां वर्ष है और इसकी महत्ता अब वैश्विक स्तर पर स्वीकार की जा चुकी है। आज पूरे विश्व में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। इस अवसर पर सभासद सी पी शर्मा, पिंटू यादव, अनुपम सिंह, राहुल राजोरिया, संजय सिंह, गजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जितेंद्र यादव ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष में भगत सिंह पार्क सेक्टर 1 वसुंधरा में साधकों द्वारा योग किया गया।

# 14 हजार फीट की ऊंचाई से लेकर समुद्र के छोर तक, योगमय हुआ पूरा देश

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा : पीएम मोदी












नई दिल्ली। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे भारत और दुनिया भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस बार एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ दुनिया भर में योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में तीन लाख लोगों के साथ योग करेंगे। योग फिटनेस से कहीं ज्यादा है, योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह आत्म-जागरूकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास की यात्रा है। दुनियाभर में लोग योग कर रहे हैं। लोग विशाखापत्तनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए समुद्र तट पर एकत्र हुए, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू कर रहे हैं।

### योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना- पीएम मोदी

विशाखापट्टनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश और दुनिया के सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं। आज 11वीं बार पूरा विश्व एक साथ 21 जून को योग कर रहा है। योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना। ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है।

### मैं हमेशा योग करती हूं- हेमा मालिनी

भाजपा नेता हेमा मालिनी ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि मैं योग करके दूसरों को प्रेरणा देने की कोशिश कर रही हूं। योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है...मैं हमेशा योग करती हूं। योग दिवस न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर मनाया जा रहा है। इस दौरान अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि मैं 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थान टाइम्स स्क्वायर पर आकर बेहद खुश हूं... मेरे दादाजी योग शिक्षक थे। इसलिए मैंने अपने पूरे जीवन में योग देखा है। मैं योग का अभ्यास करता हूं, और मैं हर जगह योग का माहौल देख सकता हूं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण संदेश है। मुझे यहां आमंत्रित करने के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं... उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ योगाभ्यास करते हुए नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपकी इच्छाएं तभी पूरी होती हैं जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं। योग के माध्यम से आप आध्यात्मिकता के उच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं। यह हमारे ऋषियों की परंपरा है जिसे हमारे वेदों, पुराणों और अन्य ग्रंथों ने जीवित रखा है।

**स्वामी रामदेव कुरुक्षेत्र में योग कार्यक्रम में शामिल हुए**

योग गुरु स्वामी रामदेव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 14 हजार फीट की ऊंचाई पर योग

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने पैंगोंग त्सो के तट पर 14,100-14,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित बीओपी धन सिंह थापा और चार्ल्स (24 बटालियन, लेह) पर योग किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विशाखापत्तनम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, योग के प्रसार के लिए भारत योग की साइंस को आधुनिक रिसर्च से अधिक सशक्त कर रहा है।

दिल्ली एम्स की रिसर्च में सामने आया है कि योग का कार्डिएक और न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स समेत महिलाओं के स्वास्थ्य और मेंटल हेल्थ में अहम योगदान है।

### दिल्ली की सीएम ने किया योग

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया।

**आज से होगा दक्षिणायनः मोहन भागवत :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी बधाई दी है। उन्होंने कहा, भारत के प्राचीन ज्ञान से दुनिया परिचित हो रही है।

आज से दिन कालगणना की दृष्टि से उत्तरायण से समाप्त होकर दक्षिणायन की ओर बढ़ने वाला दिन है। आज सबसे बड़ा दिन है। धीरे-धीरे रात बढ़ने लगेगी।

### आज हमने बड़ा योग किया थाः एकनाथ शिंदे

आज यानी 21 जून को ही महाराष्ट्र की बड़ी राजनीतिक पार्टियों में से एक शिवसेना का विभाजन हुआ था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 21 जून को ही हमने बड़ा योग किया था। वो मैराथन योग था।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वीवीआईपी सोसाइटी में हजारों लोगों ने एक साथ किया योग

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाज़ियाबाद की प्रतिष्ठित वीवीआईपी सोसाइटी में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और संयम का संदेश दिया। यह आयोजन पतंजलि योगपीठ, आयुष मंत्रालय और गाज़ियाबाद स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 5:15 बजे किया गया, जिसमें आसपास की कई आवासीय सोसाइटियों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास का नेतृत्व योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया और प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासन किए। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य दीपंकर महाराज, मायाप्रकाश त्यागी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी उपस्थित रहे, जिन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वंदना त्यागी और गाज़ियाबाद स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष संदीप त्यागी भी शामिल रहे। उन्होंने समाज में योग को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में ऐसे आयोजनों की भूमिका को



महत्वपूर्ण बताया।

योग सत्र में आईपीएस प्रवीण रंजन, नितिन त्यागी, सतीश जैन, मदन त्यागी, नरवीन त्यागी, अनिल त्यागी, सत्य प्रकाश, अनुज गर्ग, अनुज गोयल, पुनीत त्यागी, संजय त्यागी और अशोक शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य जांच शिविर और आयुर्वेदिक परामर्श की भी व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिला।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान वितरित किए गए और आयोजन की सफलता पर संयोजकों ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सफल आयोजन ने गाज़ियाबाद में योग के प्रति बढ़ती जागरूकता को और बल दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने योगप्रेमियों के साथ किया योग

**लोनी, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोनी नगर पालिका, 50 बेड अस्पताल नाईपुरा तथा बलराम नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, गाजियाबाद में सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए योगप्रेमियों के साथ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। विधायक नंदकिशोर ने गाजियाबाद के डासना में केंद्रीय योग समारोह में भी शामिल हुए जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने योग को जीवन का अमूल्य अंग बताते हुए कहा, योग भारतीय संस्कृति का गौरव है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर को जोड़ने





का विज्ञान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है। लोनी के हर नागरिक को स्वस्थ और जागरूक बनाना हमारा संकल्प है।

योग दिवस के ही अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खड़खड़ी क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर के साथ विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान जनचौपाल का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्थानीय निवासियों से संवाद करते हुए समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा जनचौपाल के माध्यम से जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधि का असली दायित्व है। लोनी विधानसभा का चौमुखी विकास हमारा लक्ष्य है और कोई भी वार्ड या गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कैब में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर शाम के वक्त एक कैब में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से लगी कि उसमे बैठा चालक कार से कूद गया। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टिया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के बाद एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और अफरा-तफरी वाला माहौल हो गया था। उधर दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार एक गाड़ी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बम्हैटा गांव के निकट थी। इसी दौरान कैब में अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के वाहन रुक गए और वीडियो बनाने लगे। साथ ही दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी गई जब तक आग पर काबू पाने के लिए



गाड़ी पहुंची, तब तक कैब पूरी तरह जल चुकी थी। हालांकि आग तब भी जारी थी। इस हादसे में गनीमत रही की जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर वाहनों में आग लग चुकी है।

### बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

## बिहार में अब 1100 रुपए मिलेगी बुजुर्गों को पेंशन




**बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले नीतीश सरकार ने एक महत्वपूर्ण जनहितकारी फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली मासिक राशि में बड़ी बढ़ोतरी की है।**

**पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना राशि में बढ़ोतरी की है और बुजुर्गों और दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को मदद मिलेगी।'

नीतीश कुमार ने लिखा कि वृद्धजन समाज का अमूल्य हिस्सा हैं। उनका सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और आगे भी रहेगी। आपको बता दें कि इसी साल के अंत में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले जहां विपक्षी दल आरजेडी जनता से बड़े-बड़े वादे कर रही है वहीं एनडीए भी सत्ता में बने रहने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। इसी कड़ी में कल पीएम मोदी ने सीवान में एक जनसभा को संबोधित किया था और विपक्ष पर जमकर हमला किया था।

## अहमदाबाद हादसे का असर : एअर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने विमानन सुरक्षा को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में एअर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है। डीजीसीए ने एअर इंडिया से





**एकाउंटेबल मैनेजर को दिया कारण बताओ नोटिस**

10 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि लाइसेंसिंग, आराम और नवीनता आवश्यकताओं में चूक के बावजूद उड़ान चालक दल (क्रू) के शेड्यूल और संचालन में एअर इंडिया ने बार-बार लापरवाही बरती। इस लापरवाही का पता अफ्टर से उअए उड़ान और चालक दल प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तन के बाद की समीक्षा के दौरान चला। एआरएमएस (एयर रूट मैनेजमेंट सिस्टम) एक सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग एयरलाइन द्वारा विभिन्न परिचालन और प्रबंधन कार्यों के लिए किया जाता है। इसमें चालक दल की रोस्टरिंग और उड़ान योजना आदि शामिल हैं।

डीजीसीए के आदेश में कहा गया है कि समीक्षा के दौरान हुए खुलासे चालक दल की समय-सारणी, अनुपालन निगरानी और आंतरिक जवाबदेही में विफलता की ओर इशारा करते हैं। लापरवाही के बाद भी जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारी अनधिकृत और गैर-अनुपालन चालक दल की जोड़ी, अनिवार्य लाइसेंसिंग, नवीनता मानदंडों का उल्लंघन और समय-निर्धारण प्रोटोकॉल, निरीक्षण में विफलता समेत गंभीर चूकों में शामिल रहे हैं। डीजीसीए ने एअर इंडिया को चेतावनी दी कि भविष्य में चालक दल की समय-सारणी में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीजीसीए (नागरिक विमानन महानिदेशालय) ने एअर इंडिया के एकाउंटेबल मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि एअर इंडिया के एकाउंटेबल मैनेजर ने 16 मई 2025 और 17 मई 2025 को बंगलूरू से लंदन (एएल133) के लिए दो उड़ानें संचालित कीं। जिनमें से दोनों ने 10 घंटे की निर्धारित उड़ान समय सीमा को पार कर लिया। डीजीसीए ने अधिकारी से सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है कि उल्लंघन के लिए उचित प्रवर्तन कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए?

**एयर इंडिया ने कहा आदेश लागू किया :** डीजीसीए के आदेश के बाद एयर इंडिया ने कहा कि हमने डीजीसीए के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की निगरानी करेंगे।

## योग को बनाए नित्य दिनचर्या का हिस्सा : अतुल वत्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व योग दिवस के मौके पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भी आयोजन रखा गया। प्राधिकरण के द्वारा विकसित मधुबन बापू धाम योजना के गोल चक्कर पार्क के अलावा प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आयोजन रखा गया। प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि इंसान मौजूदा में इतनी अधिक भाग दौड वाली जिंदगी में व्यस्त हो गया है कि वह खुद के शरीर के प्रति भी अनभिज्ञ हो गया है। समय समय पर चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययन के बाद जारी रिपोर्ट पर ही गौर करें तो इंसान के शरीर में बीमारियों के प्रवेश का मुख्य कारण केवल इंसान के द्वारा खुद के शरीर पर ध्यान नहीं



दिया जाना है। मौजूदा समय मे सबसे बड़ी आवश्यकता योग को नित्य की दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। इसके लिए विश्व योग दिवस आदि के आयोजन का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए। योग अनुशासित जीवन शैली अपनाने का माध्यम है इससे न केवल मानसिक शांति प्राप्त होती है बल्कि स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जीडीए स्टाफ को भी नित्य की जीवन शैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। आयोजन के दौरान योगाचार्यों के द्वारा योग अभ्यास संचालित किए गए। इस दौरान जीडीए सचिव, वित्त नियंत्रक एवं प्राधिकरण के दूसरे अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

## लीलावती सोसाइटी एवं एसआर बग्गा अकादमी ने मनाया योग दिवस







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को योग दिवस के अवसर पर लीलावती फाउंडेशन सोसाइटी एवं सेवाराम बग्गा अकादमीऑफ म्यूजिक एंड आर्ट के तत्वाधान लीलावती पब्लिक स्कूल भूड भारत नगर एवं प्रताप विहार स्थित एस बी रिकॉर्ड्स अकैडमी में प्रातः योगाभ्यास एवं साय 5:00 बजे से सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं एवं 25 से ज्यादा गायक गाइका प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। योग दिवस पर स्वास्थ्य संबंधी अनेक योग क्रियाओं का वर्णन विस्तार में किया गया।

स्वस्थ शरीर कैसे रखे इस पर भी चर्चा की, तत्पश्चात गायन प्रतियोगिता में आए सभी प्रतियोगियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया 8 से ज्यादा प्रतिभाशाली कलाकारों को एस बी रिकॉर्ड्स अकादमी के डाइरेक्टर संजय बग्गा एवं नीरू बग्गा, समर्पण, दुर्गा गुप्ता, अरविन्द कुमार, अतुल कुमार, महालक्ष्मी, जिमी लुईस, मनीष जुनेजा, सुरीली एवं ममता श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। अंत मे संजय बग्गा द्वारा सभी विजेतायो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए एवं शुभकामनायें प्रेषित कि गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 22 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम जनता ने एक साथ किया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स और पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गोड़ ने किया योग

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाजियाबाद में शहर से लेकर देहात तक योग की छटा देखने को मिली। योग का क्रेज हर उम्र के लोगों में दिखा। ता वहीं शनिवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गाजियाबाद के आईएमएस कॉलेज और आईटीएस मोहन नगर कॉलेज में योग के अलग-अलग कार्यक्रम में भाग लिया। तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजील पाल त्यागी, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त इंद्र विक्रम सिंह मलिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड सहित शहर के प्रमुख राजनेताओं, उद्यमियों, अधिकारियों और व्यापारियों के अलावा आमजन ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया।

इस दौरान भोर से लेकर सुबह तक सैकड़ो योग दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासन की ओर से भी जहां बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो वहीं सामाजिक संस्थाओं ,स्कूल-कॉलेज, सिविल डिफेंस से लेकर यागे संस्थाओं और अलग-अलग सोसाइटियों में भी योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### सांसद, कैबिनेट मंत्री, विधायक और अधिकारी हुए आयोजन में शामिल







### योग से दिया गया हिट और फिट रहने का संदेश

**करंट क्राइम :** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह-जगह योग संस्थाओं और सामाजिक संस्थाओं की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो जिला प्रशासन की ओर से यहां कई जगह
योग दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो वहीं योग संस्था से जुड़े लोगों द्वारा भी योग के महत्व और उससे होने वाले फायदे की जानकारी दी गई। वहीं पुलिस-प्रशासन और सरकारी कार्यालयों में भी योग दिवस को लेकर सभी जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और पुलिस ने भी लगाई योगशाला

**करंट क्राइम :** शनिवार को देश-प्रदेश और जिले में योग को लेकर जोश और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता देखने को मिली। सुबह पांच बजे से ही कई स्थानों पर योग को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अलग-अलग योग करने के साथ ही प्राणायाम और व्यायाम भी करवाएं गए। इस दौरान लोगों को स्वास्थ रहने के लिए योग से निरंतर जुड़े रहने की सलाह भी दी गई।

### अस्पतालों और सोसायटियों में भी दिखा योग का जोश

**करंट क्राइम :** शनिवार को योग दिवस को लेकर जहां लोगों में उत्साह था। तो वहीं योग से खुद को फिट और हिट बनाने का भी संदेश देने का काम किया गया। यशोदा अस्पताल कौशांबी में बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने योग कर फिट रहने का संदेश दिया। तो वहीं एनडीआरएफ के जवानों और 41वीं- 47वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने भी जेटीसी कोर्स के लिए आए रंगरूट के साथ योग किया।

### सोशल मीडिया पर दिखा सेल्फी और वीडियो का क्रेज

**करंट क्राइम :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11वें अध्याय को लेकर बड़ों से लेकर छोटे और युवाओं से लेकर बुजुर्गों के बीच योग का क्रेज देखने को मिला। योग का क्रेज सोशल मीडिया पर भी जमकर प्रदर्शित हुआ। लोगों ने अलग-अलग सोशल मीडिया अकाउंट पर योग की अलग-अलग मुद्राओं के फोटो और वीडियो अपलोड किए, जो बता रहा था कि योग को लेकर सोशल मीडिया पर भी जमकर क्रेज देखने को मिला है।

## यशोदा मेडिसिटी ने योग दिवस पर 'योग संगम' का किया आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, यशोदा मेडिसिटी ने फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के समर्थन से 'योग संगम' का आयोजन किया।
कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के लाइव प्रसारण से हुई, जिसके बाद योग प्रदर्शन सत्र हुआ। इस साल की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश रही।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद योग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर.एम. आचार्य और भारत सरकार के पूर्व भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय जैसे प्रतिष्ठित अतिथि मौजूद रहे। इनके साथ डॉ. पी.एन. अरोड़ा, डॉ. उपासना अरोड़ा, डॉ. सुनील डागर और यशोदा मेडिसिटी के अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। योग संगम ने स्वास्थ्य और सजग जीवन के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि को दिखाया। इस आयोजन में सभी की भागीदारी ने यशोदा मेडिसिटी के समग्र



स्वास्थ्य और निवारक देखभाल को बढ़ावा देने के लगातार प्रयासों को सामने लाया।

यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा, योग मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शक्तिशाली तरीका है। यह तनाव को कम करता है और शांति और मानसिक संतुलन की भावना प्रदान करता है।

डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा, योग एक सरल लेकिन शक्तिशाली अभ्यास है जो लोगों को अपने स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी स्वयं लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

यह देखकर अच्छा लगा कि सभी आयु वर्ग के लोग एकजुट होकर स्वास्थ्य, ध्यान और संतुलन को प्राथमिकता देने के लक्ष्य से इख साथ जुड़े। यही सामूहिक भागीदारी ऐसे प्रयासों को स्थायी प्रभाव देती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया आईएमएस कैम्पस में योग

### सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के संयोजन में किया सभी ने योग







































**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस आयोजन का सफल संयोजन सिविल डिफेंस, जिला प्रशासन गाज़ियाबाद, गाज़ियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन और आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य समारोह ने पूरे गाज़ियाबाद शहर में योग, स्वास्थ्य और अनुशासन के महत्व को नई ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस अवसर को और गरिमामय बनाने के लिए मंच पर सांसद अतुल गर्ग, विधायकगण संजीव शर्मा, नंदकिशोर गुर्जर, अजीत पाल त्यागी, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जयसवाल तथा भाजपा गाज़ियाबाद के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति रहे। आईएमएस गाज़ियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया और निदेशक डॉ. पूजा रस्तोगी ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत आयाना डांस अकादमी द्वारा प्रस्तुत मोहक सांस्कृतिक नृत्य से हुई, जिसने आयोजन को सांस्कृतिक छटा से सजा दिया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशाखापत्तनम से सीधा प्रसारित संदेश प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने योग को जीवनशैली में समाहित करने की प्रेरणा दी।

योग सत्र का संचालन योग गुरु डॉ.यश पराशर द्वारा किया गया, जिन्होंने विभिन्न योगासनों और प्राणायामों का अभ्यास करवाते हुए उनके मानसिक व शारीरिक लाभों की गहन व्याख्या की। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो न केवल स्वास्थ्य का संदेश देता है, बल्कि पृथ्वी और प्रकृति के साथ संतुलन को भी महत्व देता है। इस आयोजन में आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण तथा गाज़ियाबाद के तीन हजार से अधिक लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का समापन जिला प्रशासन द्वारा सभी सहभागियों और सह-आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

यह आयोजन केवल एक योग कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली की दिशा में एक प्रेरक पहल सिद्ध हुआ, जिसने गाज़ियाबाद को एक नई ऊर्जा और संकल्प से भर दिया ।

## संपादकीय

# यह युद्ध क्यों?

इस्राइल और ईरान के बीच का टकराव बढ़ता ही जा रहा है। दोनों देशों ने एक–दूसरे पर हमले तेज करने की चेतावनी दी है। अमेरिका ने भले लड़ाई में शामिल होने का निर्णय लेने के लिए दो हफ्ते का समय तय किया हो, लेकिन उसकी तरफ से ऐसी कोई पहल नहीं हो रही, जिससे लगे कि वह संघर्ष टालना चाहता है। इस्राइल का कहना है कि वह लक्ष्य हासिल होने तक नहीं रुकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? एटमी खतरा । अमेरिका और इस्राइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इस्राइल ने इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर हवाई हमले शुरू किए थे। लेकिन, इस लक्ष्य को लेकर सबसे बड़ा संदेह इसलिए है कि क्या वाकई ईरान एटमी पावर बनने के करीब है, क्योंकि पश्चिम के ही कई जानकारों को ऐसा नहीं लगता।

**इस संघर्ष में अब भी कुछ सकारात्मक बातें हैं - अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस संकट को टालने का यही एकमात्र तरीका भी है - बातचीत।**

सत्ता में बदलाव । इस्राइल चाहता है कि ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डॉनल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को न्यूक्लियर ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इस्राइल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। कट्टरता बढ़ेगी। हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म किया जा सकता है, उस तकनीकी ज्ञान को नहीं, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव अगर ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ले गया, तो अमेरिका या इस्राइल के पास क्या जवाब होगा? हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए।

पुराने सबक। इराक, लीबिया, सीरिया – कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने का प्रयास किया। इनमें से कहीं भी नतीजा मन–मुताबिक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है।

एकमात्र रास्ता। इस संघर्ष में अब भी कुछ सकारात्मक बातें हैं – अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इस्राइली हमले रुकने के बाद होगी। इस संकट को टालने का यही एकमात्र तरीका भी है – बातचीत।

# इस्राइल-ईरान युद्ध का भारतीय कंपनियों पर खास असर नहीं




नई दिल्ली। इस्राइल-ईरान में जारी तनाव से भारतीय कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर खास असर नहीं पड़ा है। हालांकि, स्थिति और बिगड़ने पर बासमती चावल, उर्वरक, हीरे एवं बिजली उपकरणों जैसे क्षेत्रों में व्यापार प्रभावित हो सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के कुल व्यापार (आयात-निर्यात) में इस्राइल और ईरान की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम है। इसलिए, मौजूदा संघर्ष का भारत के व्यापार पर बड़ा असर नहीं दिख रहा है। लेकिन, तनाव में किसी भी तरह की वृद्धि ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के साथ कच्चे तेल की कीमतें बढ़ा सकती हैं। अगर क्रूड की कीमतें लंबी अवधि तक ऊंची बनी रहती हैं, तो भारतीय कंपनियों का मुनाफा प्रभावित हो सकता है। ब्रेंट क्रूड पिछले एक सप्ताह में महंगा होकर 73-76 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है, जो अप्रैल-मई, 2025 की औसत कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है। भारत ईरान के बासमती चावल और इस्राइल को उर्वरक, हीरे एवं बिजली उपकरणों का निर्यात करता है। बासमती चावल : 2024-25 में भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में इस्राइल और ईरान का योगदान 14 फीसदी था। चूंकि, बासमती चावल प्रमुख अनाज है, इसलिए दोनों देशों में तनाव का इसके मांग पर सीमित असर रहने का अनुमान है। हालांकि, लंबे समय तक संकट रहने से इन देशों से भुगतान में देरी हो सकती है, जिससे कार्यशील पूंजी प्रभावित होगी।

हीरा : घरेलू हीरा पॉलिश करने वालों के लिए इस्राइल प्रमुख व्यापारिक केंद्र हैं, जिसे 2024-25 में 4 फीसदी हीरा निर्यात किया गया। पॉलिश करने वालों के पास बेल्जियम और यूएई जैसे वैकल्पिक केंद्र भी हैं, जिनके अंतिम खरीदार अमेरिका-यूरोप हैं।

# सौर ऊर्जा नवाचार के लिए MNRI का नेशनल स्टार्टअप चैलेंज

**नई दिल्ली।** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्टअप चैलेंज लॉन्च किया है। मंत्रालय ने कहा कि इस अनूठी राष्ट्रीय चुनौती का उद्देश्य भारत की छतों पर सौर ऊर्जा (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) तंत्र के लिए सफल सामाधानों की पहचान करना और उन्हें समर्थन देना है। इस प्रतियोगिता में नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स आवेदन कर सकते हैं। इस चुनौती में ग्रीन टेक, क्डळ, अक ब्लॉकचेन, निर्माण, ऊर्जा हार्डवेयर, फिनटेक और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की एक विस्तृत श्रृंखला का स्वागत किया गया है।



इन्हें इन चार प्रमुख श्रेणियों पर फोकस करना होगा;

वहनीयता - कम और मध्यम आय वाले घरों के लिए सौर ऊर्जा पैनल ज्यादा किफायती कैसे बनाएं।

लचीलापन- विशेष रूप से कमजोर और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए डिजास्टर-प्रूफ, ग्रिड स्थिर और साइबर सुरक्षित सोलर सिस्टम।

समावेशिता- समुदाय आधारित सोलर, वर्चुअल नेट मीटरिंग से दूर-दराज इलाकों में भी पहुँच।

# एफपीआई निवेश में सुधार

## इस हफ्ते बाजार में डाले गए 1209 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय बाजारों में 1,209 कोरड़ रुपये डाले हैं। 16 जून से 20 जून के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी निवेश सकारात्मक रहा। बुधवार और शुक्रवार को हुई खरीदारी से बाजार को काफी समर्थन मिला। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस सप्ताह में सकारात्मक गतिविधियों के बावजूद, जून महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह अभी तक नकारात्मक बना हुआ है।

**ब्लॉक डील और एफटीएसई इंडेक्स ने बाजार को सहारा दिया :** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वेल्थ मैनेजमेंट के हेड रिसर्च सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हफ्ते के दौरान हुई कई ब्लॉक डील में विदेशी निवेशकों की मजबूत भागीदारी देखने को मिली। साथ ही, शुक्रवार को एफटीएसई इंडेक्स में पुनसंतुलन के चलते भी विदेशी पूंजी का प्रवाह तेज रहा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है, जो स्वस्थ आर्थिक विकास, कई वर्षों की कम महंगाई, ब्याज दरों में कटौती और समान्य बेहतर मानसून की संभावनाओं से प्रेरित है।

**शुद्ध निकासी में आया सुधार :** एनएसडीएल के अनुसार 20 जून तक विदेशी निवेशकों ने बाजार से 4,192 कोरड़ रुपये निकाले। हालांकि, यह 13 जून के समाप्त सप्ताह से बेहतर है। इस दौरान शुद्ध निकासी 5,402 करोड़ रुपये था। यह सुधार एफपीआई भावना में कुछ स्थिरता की ओर इशारा करती है।

**वैश्विक और घरेलू कारकों का एफपीआई पर पड़ेगा असर :** खेमका ने आगे कहा कि हालिया निवेश भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद से हो रहा है। वैश्विक अनिश्चतताओं के बावजूद निवेशकों का भारतीय बाजारों पर भरोसा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि आने वाले सप्ताह में वैश्विक और घरेलू दोनों कारक एफपीआई रुझानों को प्रभावित करेंगे। इसमें पश्चिम एशिया में चल रहा भू-राजनीतिक तनाव, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी टैरिफ शामिल है। वहीं, घरेलू स्तर पर, मैक्रोइकॉनॉमिक इंडिकेटर्स, संस्थागत खरीद समर्थन और मानसून की प्रगति, उपभोग प्रवृत्तियों और बुनियादी ढ़ांचे को बढ़ावा जैसे क्षेत्र का असर पड़ेगा।

## राशिफल

**मेष:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक किसी बड़े लाभ के योग है।

**वृष:** किसी अनहोनी के होने की आशंका रहेगी। कोई अप्रत्याशित खर्च हो सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखैं।

**मिथुन:** लेन–देन में धोखा खा सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क:** हित शत्रुओं से सावधान रहें। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी

**सिंह:** किसी पुराने रोग से परेशानी हो सकती है। छोटी–मोटी यात्रा हो सकती है। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। पूजा–पाठ में मन लगेगौं।

**कन्या:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी तरह की उलझन में न पड़ें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**तुला:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहर जाने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। प्रसन्नता का माहौल रहेगो।

**वृश्चिक:** शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद न करें। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगीं।

**धनु:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपना कार्य लगन व उत्साह से कर पाएगा।

**मकर:** किसी पुराने रोग के उभरने की आशंका है। किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। कोई दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव हे।

**कुंभ:** सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन:** प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बड़े कार्य को करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

## चुटकुले

बीवी ने नया सिम खरीदा और सोचा कि पति को सरप्राइज दूंगी।
वह किचन में गई और पति को फोन किया।
बीवी– हैलो डार्लिंग।
पति (धीरे से बोलते हुए)– तुम बाद में फोन करना, अभी चुड़ैल किचन में है।

संता– यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
बंता– गूगल डार्लिंग
संता– ये कैसा नाम हुआ।
बंता– क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

ट्रैफिक पुलिस– चालान काटना पड़ेगा, बताइए नाम बताइए...
युवक– याज्ञ्यल्कवल्क्यदास रामानुक्नस्मीजणचार्य ययुत्सु
ट्रैफिक पुलिस– अब की बार छोड़ रहा हूं, फिर कभी सिग्नल तोड़ना नहीं...!

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39 फीसदी लुढ़का

## 4.59 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा आंकड़ा



**नई दिल्ली।** इस वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ें के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। 2024 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.65 लाख करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया कि इस गिरावट का मुख्य कारण अग्रिम कर संग्रह की रफ्तार में आई कमी है।

**अग्रिम कर संग्रह में 3.87% की मामूली बढ़त हुई :** वहीं 1 अप्रैल से 19 जून 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह में 3.87 प्रतिशत की मामूली बढ़त हुई है। अग्रिम कर संग्रह 1.56 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2024 में इस अवधि में अग्रिम कर संग्रह में 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी।

कॉर्पोरेट कर में अग्रिम कर संग्रह 5.86 प्रतिशत बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, गैर-कॉर्पोरेट कर संग्रह 2.68 प्रतिशत घटकर 33,928 करोड़ रुपये रह गया।

**सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.45 लाख करोड़ रुपये रहा :** इसके अलावा इस अवधि में कॉर्पोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है।

# रिजर्व बैंक का ब्याज दरों में बदलाव पर तटस्थ रुख

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में पहले से की गई तेज कटौती आर्थिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को यह स्पष्ट संकेत और भरोसा देगी कि वैश्विक तनाव के बीच भी केंद्रीय बैक आर्थिक विकास का समर्थन कर रहा है। यह बात शुक्रवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के मिनट्स में कही गई।

गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में आरबीआई की छह सदस्यीय समिति ने 6 जून को बेंचमार्क शॉर्ट-टर्म लेंडिंग रेट (रेपो रेट) में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी।

इसके साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को प्रोत्साहन देने वाली से बदलकर तटस्थ किया गया था और बाजार में नकदी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। हाल की इस कटौती के बाद रेपो रेट में कुल 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती हो चुकी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तापमान चाहे कितना भी कम क्यों न हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- हम रात को आकाश में लाखों तारे देखते है, लेकिन वह उस जगह नही होते बल्कि कही और होते है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# करंट क्राइम के साथ पाठकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



निताक्षी और कृषि दोनों बहनों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग



ऊर्वशी चौहान



योग करते श्रेष्ठ




सुमन मौर्या



इंदू तोमर



आर्यन



संजय यादव







अनन्या पाल






प्रशांत बिष्ट



## करे योग, रहे निरोग

गाजियाबाद करंट क्राइम।
बचपन में योग की बानी आदत,
तन में शक्ति, मन में सौगात।
खेल-खिलौनों संग जब योग सिखे,
जीवन भर सुख-शांति के रंग लिखे।
कुंज, विराज, यशिका, गोरी, परी व आरूशी आदि ने योग किया।

## दमकलकर्मियों ने फिट रहने के लिए किया योग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फायर स्टेशन वैशाली कमिश्नरेट गाजियाबाद पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में उपस्थित सभी कर्मियों को एकत्रित कर योग अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही कमिश्नरेट के अन्य फायर स्टेशन फायर स्टेशन कोतवाली, साहिबाबाद, मोदीनगर, लोनी पर प्रभारी अधिकारियों के नेतृत्व में सभी कर्मियों द्वारा योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मियों को योग के महत्व एवं इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। सभी कर्मियों को प्रत्येक दिवस इसी प्रकार योग अभ्यास को अपने जीवन लाने हेतु जागरूक किया गया।




## क्या अभियानों में दब गई पुलिस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी वारदातें हो रही है। तो खुलासे भी हो रहे लेकिन इन सबके बीच सवाल खड़ा हो रहा है क्या पुलिस इन दिनों अभियान में दब गई है। पूरे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इसकी चर्चा है। तो वहीं कई अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना एक के बाद एक कई अभियान चल रहे हैं। तो लगभग हर दूसरे दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी हो रही है। एक तरफ पुलिसकर्मियों पर जहां अपराधियों को पकड़ने का लगातार दबाव और अभियान चल रहा है। तो वही इन दिनों मोहर्रम और कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर भी पूरी वर्किंग शुरू कर दी गई है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जहां भोलो को खोजने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। तो वहीं अब लैपर्ड और अलग-अलग कट पॉइंट पर तैनात करने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चार्ट बनाए जाने शुरू हो गए हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि शहर के सबसे प्रमुख और विशाल शिव मंदिर जहां लाखों की संख्या में जलाभिषेक करने के लिए भक्त आते हैं। वहां के लिए हर सोमवार वाला सुरक्षा का प्लान बनाया जा रहा है। तो अब तक अधिकारी कई दफा राउंड ले चुके हैं। आने वाले दिनों में प्रमुख अधिकारी भी वहां का दौरा करेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दो थानाक्षेत्रों में पीड़ितों के परिजन आरोपियों का फुल एनकाउंटर करने की आवाज मीडिया और सोशल मीडिया में जमकर उठा रहे हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि अभी कांवड़ यात्रा से पहले कुछ तब्दीली देखने को मिल सकती है। बताया जा रहा है कि कुछ एसीपी लिस्ट में ऐड किया जा सकते हैं। तो थाना प्रभारी को लेकर भी चर्चा सुनाई दे रही है। देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार कांवड़ यात्रा की क्या स्थिति रहती है। वैसे भी जो मुख्य मार्ग है, वहां हाल ही में तीन थानों पर नए प्रभारी आए हैं। तो पुराने रिकॉर्ड अधिकारियों की टेंशन बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही इस बार कांवड़ यात्रा की कमान महिला अधिकारी को सौंपी गई है। तो कई अन्य महिला अधिकारी भी कांवड़ रूट में एसीपी के पद पर तैनात हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस अभियान और अपराध नियंत्रण में किस तरीके का तालमेल बैठा पाती है।



कीर्ति शर्मा और संगीता श्रीवास्तव





पूर्व पार्षद आशा भाटी ने योग किया

## 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद गाजियाबाद में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में अशोक नगर स्थित the tranquil threads power yoga and meditation studio द्वारा भव्य योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्थापक मुन्नी देवी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज, सोलो रिद्मिक योगा, ग्रुप रिद्मिक योगा, अमित शर्मा और उनकी टीम द्वारा जुम्बा एवम डांस की मनमोहक प्रस्तुति हुई। मीनाक्षी, मेघा, सत्यम, रोजी और परमिन्दर द्वारा एक अद्भुत प्रस्तुति भी की गई।

वहाँ मौजूद सभी ने योग प्रोटोकॉल का आनंद लिया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प किया। योग नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छवि यादव, द्वितीय स्थान सपना यादव, तृतीय स्थान जया मलिक और चतुर्थ स्थान शिवी मुद्गल ने प्राप्त किया।



भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर ने कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। इस मौके पर मुख्य रूप से महेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष विपिन डागर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करंट क्राइम के साथ पाठकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में मनाया गया योग दिवस


गाजियाबाद, करंट क्राइम। गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के सेंट्रल पार्क किया योग।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। कंपोजिट विद्यालय रघुनाथपुर से डॉक्टर प्रवीण कुमार विद्यालय के बच्चे सहित योग मुद्रा में।




गाजियाबाद, करंट क्राइम। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नागेश गुर्जर ने दिया स्वास्थ्य संदेश


गाजियाबाद, करंट क्राइम। योग दिवस पर विवान सोशल जस्टिस फाउंडेशन ने योग जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। क्लब पार्क वेल्फेयर एसोसिएशन ने मनाया योग दिवस।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। सहयोग ट्रस्ट चैयरमेन एवं वसुंधरा मंडल महिला 300 लोगों ने मिलकर योग किया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। डीएलएफ, आरडब्ल्यूए एवं एकता पार्क सोसायटी द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। तिगरी गोल चक्कर स्थित विशाल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रतापविहार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय परिसर में योग अनुभवी गुरु रमेश मंगल के नेतृत्व में हजारों-हजार नागरिकों ने योग का अभ्यास किया।



गाजियाबाद, करंट क्राइम। संकेत एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र उत्तर रेलवे में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भीम आर्मी के विधानसभा गाजियाबाद संयोजक सुभाष चंद्र योग करते हुए।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रतापविहार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय परिसर में योग अनुभवी गुरु रमेश मंगलं ने योग का अभ्यास किया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों ने किया योग।


पंडित संतोष मिश्रा ने किया योग।








गाजियाबाद, करंट क्राइम। फिट एंड टोन स्टूडियो वसुंधरा की कुटुंब सोसाइटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित।


योग दिवस के उपलक्ष में भगत सिंह पार्क सेक्टर 1 वसुंधरा में जितेंद्र यादव ने साधकों सहित योग किया गया।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण सरस्वती विहार खोड़ा गाजियाबाद में संयोजक देवेंद्र द्वारा योगा दिवस मनाया गया।


गाजियाबाद, करंट क्राइम। वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने लोगों के साथ योग किया।

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने का लिया संकल्प

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा बैंकट हॉल प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन व हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन और हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट प्रतिवर्ष 'कन्या भ्रूण हत्या क्यों' पर अनेकानेक विशाल आयोजन कर संकल्प दिवस मनाता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप, राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल, विधायक अजीत पाल



त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, बदायूं की जिला पंचायत सदस्य पूनम यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, परमार्थ समिति के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पाप ही नहीं महापाप है जो इसके जिम्मेदार होंगे उनको इसकी सजा अवश्य मिलेगी। बेटी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए । कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मर्षि विभूति बीके शर्मा हनुमान कहा कि उनकी संस्था पिछले 33 वर्षों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प दिवस के रूप में मनाती आ रही है। इस अवसर पर संजीव त्यागी, अशोक भारतीय, छोटेलाल कनौजिया, डॉ जहीर अहमद, डॉ एस पी पाल, डॉ एके जैन, मोहित कुमार, डॉ रूबी, डॉ मिलन मंडल, डॉ एसपी गुप्ता, डॉ आरपी शर्मा, डॉ सुबोध त्यागी, डॉ नूर मोहम्मद, डॉ आरती सिंह, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ विनीत कुमार शर्मा, डॉ केपी सरकार, डॉ बी पी सिंह, डॉ निशा चौधरी, डॉ सुभाष शर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ एन एस तोमर, डॉ फरहा खान, डॉक्टर फुरकान अली, डॉ श्याम लाल सरकार, डॉ सपन सिकदर, डॉ श्रीकांत मलिक, डॉ उस्मान अली, डॉ सुनीता बहल, डॉ एस निशा, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।





## इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने योग दिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ किया योग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वैभव खंड स्थित तिकोना पार्क में इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यरूप वाईपी. सिंह, सुनीता नागपाल योग शिविर में मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने बताया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल की ओर से वार्ड 99 पार्क पार्क में योग दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने योग का स्वास्थ्य का लाभ लिया। इस अवसर पर पार्षद प्रीति जैन, डॉ अनिल तोमर, पार्षद धीरज अग्रवाल, पूर्व पार्षद अभिनव जैन और पूरे इंदिरापुरम मंडल उपस्थित रही। वही एचडीएफसी बैंक की तरफ से अश्विनी गुप्ता द्वारा जलपान की व्यवस्था और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया और उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। योगाचार्य मीरा चौधरी और सुनील द्वारा सुंदर आकर्षक और स्फूर्तिदायक योग का संचालन किया गया। इंदिरापुरम मंडल की और से अनिल मेहंदी रत्ता कार्यक्रम संयोजक, सुधीर पाल अजय गुप्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष में सभी का धन्यवाद किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अवंतिका में सामूहिक योगाभ्यास, सौहार्द व स्वास्थ्य का संदेश



गाजियाबाद करंट क्राइम। 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' के प्रेरणास्पद संकल्प के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवंतिका कॉलोनी स्थित महर्षि दयानंद पार्क में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कवि नगर मंडल एवं भाजपा गाजियाबाद महानगर (एनजीओ प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया, जिसमें कॉलोनी के सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी (एनजीओ प्रकोष्ठ) के महानगर सह-संयोजक सत्येन्द्र सिंह ने किया। संयोजन में उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह और वार्ड 56 के पार्षद मनोज त्यागी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर एआरडब्लूए महासचिव धर्मवीर शर्मा ने स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर, शास्त्री नगर स्थित उत्थान वाटिका एवं अवंतिका पार्क में शहीदों की स्मृति में 10 सिन्दूर के पौधे लगाए गए। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में अरुण त्यागी, महेश चौधरी, एच. एन. सिंह, हरेंद्र मिश्रा, बबिता सिंह, प्रतिमा कटियार, रीना त्यागी, प्रीति सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं कॉलोनी निवासी मौजूद रहे।

## पार्षद राहुल शर्मा ने किया योग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के साथ 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मानव रचना योग केंद्र व राजेंद्र नगर शुभधाम सोसाइटी राजेंद्र नगर व शालीमार गार्डन, लोहिया पार्क, आईएटीएस कॉलेज सहित कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

पार्षद राहुल शर्मा ने योग बना जन-जन का अभियान वार्ड के पार्कों, संस्थानों, स्कूलों लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर इस दिन को यादगार बना दिया। हर उम्र और वर्ग के लोगों में



योग के प्रति जागरूकता और सहभागिता देखने को मिली। बल्कि एक सामूहिक स्वास्थ्य चेतना का उत्सव बनकर उभरा। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना के अनुरूप नागरिकों ने स्वस्थ जीवन की दिशा में एकजुट होकर कदम बढ़ाया।



# इससे पहले चली जाए लापरवाही से किसी की जान

## विधायक संजीव शर्मा ने जांचे जर्जर मकान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा की ये खासियत है कि वो हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं और अगर मामला जनहित का है तो फिर वो विधानसभाओं की सीमाओं से भी बाहर जाकर काम करते हैं। अपने क्षेत्र की जनता का पूरा ध्यान रखते हैं। उनकी ये कोशिश होती है कि जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बरसात का मौसम आ रहा है और ऐसे में कई बार जल भराव के चलते नुकसान होता है और कई बार तेज बारिश और आंधी में जर्जर मकान गिर जाते हैं जिससे जनहानि भी होती है। लापरवाही किसी भी स्तर पर हो, लेकिन जान तो इनसान की जाती है। बरसात के मौसम में लापरवाही के चलते किसी की जान जाए उससे पहले ही शहर विधायक संजीव शर्मा ने वाल्मीकि कुंज में बने ईडब्ल्यूएस के जर्जर फ्लैटों में जाकर मौके पर वास्तविक हालात देखे। विधायक संजीव शर्मा इन जर्जर फ्लैटों की हालत को लेकर स्वतः संज्ञान लिया।



शहर विधायक संजीव शर्मा ने इसके बाद जीडीए उपाध्यक्ष तथा जीडीए सचिव को पत्र लिखकर इन फ्लैटों की तुरंत मरम्मत कराने के निर्देश दिये। शहर विधायक संजीव शर्मा को ये पता चला था कि वाल्मीकि कुंज स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट जर्जर हालत में हैं। जिसके कारण यहां हमेशा खतरा रहता है। बीते दिनों जब यहां बरसात हुई थी तो चार फ्लैटों की गुमटी गिर गई थी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इन फ्लैटों का स्वयं निरीक्षण किया और फिर उन्होंने जीडीए वीसी तथा सचिव को पत्र लिखा और स्वयं फोन करके यह निर्देश भी दिये कि यह मामला संवेदनशील है, फ्लैट जर्जर हालत में हैं, इसलिये वार्ड संख्या-9 के वाल्मीकि कुंज स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की तुरंत मरम्मत कराई जाए।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि फ्लैट जर्जर हालत में हैं। इससे खतरा बना रहता है, बरसात का मौसम है तो ऐसे में खतरा और बढ़ जाता है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा यह कर्त्तव्य है कि मैं हालात को बिगड़ने से पहले संभालू और हादसे की सारी संभावनाओं को शून्य करूं। अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं और यह मामला इसलिये भी गंभीर है कि यहां लगभग तीन हजार लोग रहते हैं। इन लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक के प्राणों की रक्षा हो, उनके अधिकारों की रक्षा हो और सरकार इसके लिये दृढ़ संकल्प है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित चार घायल

## तेज रफ्तार बस ने मारी जोरदार टक्कर

### सेठ मुकुंद लाल रेड लाइन पर बस की चपेट में आए बुलेट व बाइक सवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन अंतर्गत आने वाले सिहानी गेट थानाक्षेत्र में सेठ मुकुंद लाल कॉलेज के पास एक बड़ा हादसा हुआ है। जिसमें एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने दो मोटरसाइकिल को रौंद दिया। दोनों ही मोटरसाइकिल पर दो-दो लोग सवार थे. सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।.

पुलिस और राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायलों में पति-पत्नी और दो अन्य लोग शामिल हैं।



### दो बाइक पर सवार थे, चार लोग हुई थी जोरदार टक्कर

**करंट क्राइम :** सेठ मुकंद लाल कॉलेज के पास तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही एक बुलेट और पैशन मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। पैशन बाइक पूरी तरह से बस के नीचे आ गई, जिससे लोगों के घायल होने के साथ-साथ बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, बुलेट का पिछला हिस्सा बस में फंस गया। बुलेट पर भी दो लोग सवार थे, जो घायल हो गए, वहीं बाइक भी क्षतिग्रस हो गई है।

### हादसे के बाद सड़क पर लगा लंबा जाम

**करंट क्राइम :** सड़क हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। फिर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची, घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों के अस्पताल भेजने के साथ-साथ बस को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को कंट्रोल किया गया। सड़क पर जाम की स्थिति न हो इसे लेकर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। हादसे के बाद वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। वही क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। सिहानी गेट थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# 11 वर्षों में सशक्त, स्वाभिमानी एवं समृद्ध बना है हमारा भारत : युगांक यादव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश कार्यकारिणी संदस्य युवा मोर्चा भाजपा युगांक यादव ने कहा कि इन 11 वर्षों में हमारा भारत सशक्त स्वाभिमानी एवं समृद्ध बना है। राष्ट्रवाद के पथ पर राष्ट्र हित में तीन तलाक, 370 समाप्ति, काले धन एवं भ्रष्टाचार पर प्रभावी प्रहार के साथ ,जन कल्याण कारी निर्णयों से देशवासियों में आशा और विश्वास का भाव जगा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के घर में घुस कर हमारे स्वदेशी संसाधनों ब्रह्मोस, आकाश आदि की मारक क्षमता को दुनिया ने देखा और सराहा है। आतंक वाद नक्सलवाद , घुसपैठियों पर अंकुश



हेतु प्रहार जारी है । पीओके वापसी का गृह मंत्री जी एवं रक्षा मंत्री जी का संकल्प जल्द पूरा होगा।

योगी का उत्तर प्रदेश 8 वर्षों के सेवा सम्मान सुशासन के साथ सुरक्षा के वातावरण में विश्व एवं भारत के आकर्षण का केंद्र बना है। माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति, एनकाउंटर एवं ऑपरेशन लंगड़ा आदि से शांति के साथ सबके विकास की ओर बढ़ते प्रदेश में आम जन व्यापारी एवं मातृशक्ति सुरक्षित अनुभव कर रहे है। विद्युत नगर विकास चिकित्सा सड़कों का जाल किसान की खुशहाली गरीब की सेवा के साथ युवाओं को निरंतर नए रोजगार एवं मातृशक्ति को सम्मान मिला है।

# वसुंधरा आदर्श पार्क में पार्षद शिल्पा चौधरी ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा आदर्श पार्क में योग दिवस के अवसर पर प्रेम धर्म हॉस्पिटल द्वारा पार्षद शिल्पा चौधरी के नेतृत्व से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक रूप चौधरी, पार्षद शिल्पा चौधरी ने रिबन काट कर उद्घाटन किया। इस कैम्प में बीपी एवं शुगर जांच की गई। लगभग 150 लोगों ने इस हेल्थ चेकअप कैम्प का लाभ लिया। पार्षद शिल्पा चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वार्ड 61 आदर्श पार्क में योग विज्ञान संस्थान द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया





प्रेम धर्म हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, आशीष चौधरी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, डॉ सर्वेश त्यागी, अशोक पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आरडब्ल्यूए ने किया कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एफ ब्लॉक लाजपत नगर आरडब्ल्यूए द्वारा योग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोविंद राम पार्क एफ ब्लॉक में सभी लोगों ने योग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संकल्प लिया कि वह नियमित योग करेंगे और लोगों को भी जागरूक करेंगे कि वह नियमित योगाभ्यास किया करें ताकि पूरा भारत वर्ष निरोगी हो सके। मुख्य रूप से आरडब्ल्यूए महासचिव पुष्कर गुप्ता, संयुक्त सचिव देवेंद्र त्यागी, संजीव सक्सेना, एन सी मंडल कोषाध्यक्ष बीके राजपूत, देवेंद्र कसाना, प्रमोद गुप्ता, अशोक शर्मा, रॉबिन गुरमुख राजपूत इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# भाजपा के 11 सालों के कार्यकाल में भारत का हुआ भरपूर विकास : अभिषेक शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संयोजक गाजियाबाद विकास मंच अभिषेक शर्मा ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा 11 वर्ष में भारत का भरपूर विकास हुआ है मुझे गर्व है मोदी सरकार के कार्यों पर शांति के साथ सबके विकास की ओर बढ़ते भारत में आम जन व्यापारी एवं मातृशक्ति सुरक्षित अनुभव कर रहे है। आस्था को सम्मान अयोध्या में प्रभु राम मंदिर निर्माण से श्रद्धा एवं पर्यटन के केंद्र का विकास, सजी संवरी काशी ,66 करोड़ श्रद्धालुओं का संगम स्नान, मथुरा वृन्दावन कारीडोर ,सम्भल का विकास,नए मेडिकल कॉलेज उच्च शिक्षा केंद्र , विद्युत नगर विकास चिकित्सा सड़कों का जाल किसान की खुशहाली गरीब की सेवा के साथ युवाओं को निरंतर नए रोजगार एवं मातृशक्ति को सम्मान मिला है।

प्रत्येक शहर में उद्योगों क्रांति ,इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास नए हवाई अड्डे यातायात के साधन सिंचाई एवं पेय जल व्यवस्था सहित सब कुछ वंदनीय है। डबल इंजन की योगी सरकार के प्रबंधन की सर्वत्र चर्चा है। नए भारत के 11 वर्षों पर देशवासियों को गर्व है। स्वदेशी का ही उपयोग के संकल्प के साथ हम सनातन संस्कृति युक्त मिशन 2047 विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'द योगा क्लिनिक' सूर्य नगर में योग सत्र का आयोजन



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रतिवर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर द योगा क्लिनिक में डॉक्टर रुचि वत्स के नेतृत्व में सूर्य नगर मे एक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम मे पार्षद शशि खेमका, अशोक पांडे, प्रतीक माथुर, यूसी सक्सेना, उमेश सक्सेना, बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। डॉ रूचि वेड्स के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया । सभी ने मिलकर योगाभ्यास किया और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की। डॉ. रुचि वत्स ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन और जीवन का विज्ञान है। यदि हम प्रतिदिन योग को अपने जीवन में शामिल करें, तो हम निरोग और प्रसन्नचित्त जीवन जी सकते हैं।

# योग दिवस पर वैशाली के दीनदयाल उपाध्याय पार्क में लोगों ने किया योग

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली के सेक्टर 5 स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के विदेश संपर्क विभाग के क्षेत्रीय सहसंयोजक राजीव शर्मा के नेतृत्व में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जसवीर त्यागी,आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एवं वसुंधरा मंडल उपाध्यक्ष सरस्वती, अध्यक्ष कमल चौहान, कावेरी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कर्मवीर, कामना आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परशुराम, कल्पना अध्यक्ष रविंद्र सिंह रावत, राकेश शर्मा, प्रवीण मिश्रा, महेश शुक्ला, रॉबिन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।





# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कौशांबी में लगाया गया योग शिविर

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वार्ड 72 में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल व पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, हर्षोल्लास और सामूहिक ऊर्जा के साथ मनाया। यह दिन स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का प्रतीक है, और हमें हर्ष है कि इस अवसर पर हमारी सोसाइटी के सी एवं डी ब्लॉक के पार्क में भारी संख्या में निवासियों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी। भीम शाखा के अनेक स्वयंसेवकों ने भी योग दिवस के इस शुभ अवसर पर सम्मिलित हुए, जिनका हम हृदय से अभिनंदन करते हैं। योग गुरु सुनील गुप्ता द्वारा किया गया, जो लगातार पिछले 4 वर्षों से हमारी सोसाइटी में निःस्वार्थ भाव से योगाभ्यास करा रहे हैं। उनके पास योग का 32 वर्षों का विशाल अनुभव है, जो इस आयोजन में उनकी विद्वता और नेतृत्व स्पष्ट रूप से दर्शाता है।






# वसुंधरा सेक्टर 15 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 15 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि योग शिविर में स्कूल के बच्चो एवं वसुंधरा के निवासियों ने मिलकर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया और आत्म रक्षा के लिए बच्चियों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी गया। अनिल शर्मा ने कहा सहयोग ट्रस्ट द्वारा उत्कृष्ट योगदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम को सफल मनाने कब लिए सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद किया इस अवसर पर कादम्बरी कौशिक, सुभाष प्रधान, एस पी शर्मा, आदेश शर्मा, गोपाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा निशी त्यागी, इ अनुराग मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, पुलकित गोयल, विकास यादव, कार्तिक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।





योग दिवस



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड 74 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ योग किया।

# शिक्षा से शिखर तक एनजीओ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षा से शिखर तक एनजीओ में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य को लेकर बच्चों को इस दिन का व कैसे जीवन मे प्रतिदिन हम योग से स्वास्थ्य रह सकते हैं। योग का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कई योग आसनों का प्रदर्शन किया गया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर कला प्रतियोगिता का भी संस्थान में आयोजन किया गया जिसमें योग प्रतियोगिता व कला प्रतियोगिता में प्रोत्साहन हेतू प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे रजनी ढौंडियाल जोशी, नीतू कुंडलिया, सीमा पवार, उमा गुप्ता, अमरजीत कौर आदि।

# दो वर्षीय वेदांशी भाटी ने योग से दी जिंदगी जीने की सीख

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे देश में योग को लेकर उत्साह देखा गया। इसी क्रम में एक अत्यंत प्रेरणादायक दृश्य सामने आया। जब मात्र दो वर्षीय वेदांशी भाटी ने भी योग किया। इस नन्हीं बच्ची की योग के प्रति यह जागरूकता और उत्साह निश्चित ही समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है कि स्वस्थ जीवनशैली की शुरूआत बचपन से ही संभव है।



योग दिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वसुंधरा के सबसे बड़े आदर्श पार्क में भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित शिविर में योग अभ्यास किया और योगाचार्यों की सभा को संबोधित किया। इसके पश्चात प्रेम धर्म अस्पताल द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। साथ में मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद शिल्पा चौधरी, डाक्टर सर्वेश त्यागी , भाजपा नेता आशीष चौधरी, वीरेंद्र, रेखा त्यागी व अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

SOCIAL MEDIA

Sanjeev Gupta Fan Club is with Sanjeev Gupta and 11 others.
8h ·

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। करोगे योग तो रहोगे निरोग। @योगा wit मा. विधायक श्री नंदकिशोर गूजर जी, संसद प्रतिनिधि श्री राजेन्द्र मित्तल जी, एयरपोर्ट सलाहकार समिति सदस्य श्री संजीव मित्तल जी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष श्री विपविपिन गोयल जी एवं मित्रगण।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये भी एक रेयर संयोग रहा जब कूल-कूल एयर वाले तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी एडवाईजर, समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उस फोटो को साझा किया जिसमें वो समुद्र तट पर विधायक नन्द किशोर गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी सलाहकार संजीव मित्तल के साथ योग कर रहे हैं। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने इस फोटो को साझा किया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।